सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-567**
**24/12/2018**

# क्षेत्रीय संपर्कता योजना के तहत उड़ान कार्यक्रम से लोगों को होगा फायदा :– मुख्यमंत्री

पटना 24 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सुरेश प्रभु ने आज दरभंगा एयरपोर्ट के सिविल इन्क्लेव का भूमि पूजन कर कार्यारंभ किया, साथ ही रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले मैं केन्द्रीय वाणिज्य, उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री सुरेश प्रभु एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री श्री जयंत सिन्हा को इस बात के लिए धन्यवाद देता हूं कि केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच जो इस सिविल इन्क्लेव के लिए चर्चा हुई थी, वह आज मूर्तरुप ले रहा है। इसका आज शिलान्यास किया गया है। 31 मई 2019 तक यहां अस्थायी भवन बनकर तैयार हो जाएगा और जून में सफर की शुरुआत भी हो जाएगी। इस सिविल इन्क्लेव से स्पाईसजेट कंपनी के विमान उड़ान भरेंगे। मुंबई, दिल्ली एवं बेंगलुरू से दरभंगा के लिए हवाई सेवा शुरू होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर में भी अधिक संख्या में मिथिलावासी रहते हैं, वहां से भी दरभंगा के लिए विमान सेवा की शुरुआत की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिहार–बंगाल–उड़ीसा और झारखंड एक ही हुआ करता था। इन जगहों पर बड़ी संख्या में मिथिलावासी हैं। उन्होंने श्री सुरेश प्रभु से मॉग की कि कोलकाता, भुवनेश्वर, रांची से भी दरभंगा को जोड़ा जाय ताकि बड़ी संख्या में यहॉ से लोग आ–जा सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन मिथिलावासियों एवं बिहार के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि मिथिला का अपना ऐतिहासिक महत्व है और कवि कोकिल महाकवि विद्यापति के नाम पर इस टर्मिनल का नामकरण होने से बड़ी खुशी की बात और क्या होगी। उन्होंने कहा कि मैथिल कोकिल विद्यापति साढ़े छह सौ वर्ष पूर्व हुआ करते थे लेकिन आज भी कबीर की तरह वे भी जनमानस के मन में बसते हैं। विद्यापति राजपाट चलाने वालों के सलाहकार के रुप में काम तो करते ही थे, साथ ही उन्होंने बेमेल विवाह, बहु विवाह, शराब के प्रचलन के खिलाफ भी लोगों में सामाजिक सुधार लाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम विकास के साथ–साथ समाज सुधार का काम भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार डबल डिजिट दर से पिछले कई वर्षों से लगातार विकास कर रहा है। यहां का विकास का मॉडल दूसरे तरीके का है, लोगों की आमदनी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दरभंगा एयरफोर्स की जमीन पर जो यह सिविल इन्क्लेव का निर्माण किया जा रहा है, उसके लिए राज्य सरकार ने 121.43 करोड़ रुपए आवंटन की स्वीकृति दी है और बदले में एयरफोर्स को दूसरी जगह राज्य सरकार जमीन दे रही है, उसका जिलाधिकारी के द्वारा चयन किया जा रहा है ताकि एयरफोर्स को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हो। पूर्णिया, बिहटा में भी एयरपोर्ट के निर्माण से लोगों को आवागमन की सुविधा होगी। बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण के लिए 108 एकड़ जमीन का हस्तांतरण किया गया है। बिहटा से पटना के लिए एलिवेटेड सड़क का निर्माण किया जाएगा, बिहटा से फोरलेन का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पटना हवाई अड्डे से पहले बमुश्किल एक या दो उड़ानें होती थीं लेकिन आज पटना एयरपोर्ट पर 48 प्लेनों की लैंडिंग होने लगी है। उन्होंने कहा कि पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों के बढ़ते दवाब के कारण वहां भी नये टर्मिनल की जरूरत महसूस की जा रही है। उन्होंने

कहा कि वहॉ भी जल्द से जल्द टर्मिनल बिल्डिंग बनवाई जाय। राज्य सरकार ने एक्सचेंज ऑफर की औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर दी हैं। गया एयरपोर्ट पर चार्टर्ड फ्लाईट से दूसरे देश के लोग भी आ रहे हैं। वहां और उड़ानें बढ़ायी जाएं और अन्य जगहों से भी कनेक्टिविटी की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में विकास का ही परिणाम है कि आज इतनी संख्या में लोग पटना से हवाई सफर कर रहे हैं। आज भी सड़क मार्ग एवं रेल मार्ग द्वारा सफर करने वाले यात्रियों की संख्या सबसे अधिक है, उसे भी सुगम और बेहतर बनाने के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन मिथिला की राजधानी नेपाल के जनकपुर में थी। ऐसे में दरभंगा से जनकपुर के लिए भी अगर कनेक्टिविटी हो जाय तो और बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय संपर्कता योजना के तहत उड़ान कार्यक्रम के द्वारा अधिक से अधिक हवाई मार्ग से लोग यात्रा कर सकें, अनेक हवाई अड्डों का निर्माण हो, केंद्र की यह योजना प्रशंसनीय है, इसके लिए प्रधानमंत्री जी उड्डयन मंत्री जी को मैं बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिहार में बनने वाले जितने हवाई अड्डे हैं, वहां से अधिक से अधिक उड़ानों की शुरुआत करे और अधिक से अधिक जगहों से अगर कनेक्टिविटी बहाल हो तो इससे फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि घर–घर तक बिजली पहुंच रही है, अंधेरे का डर खत्म हुआ, भूत भाग गया और लालटेन की उपयोगिता भी खत्म हो गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तक राज्य सरकार ने हरसंभव केंद्र सरकार की योजनाओं में पूरा सहयोग दिया है। हमलोग आगे भी हरसंभव मदद के लिए तैयार हैं। आज का दिन समस्त बिहारवासियों के लिए खुशी का दिन है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत पाग पहनाकर, मखाने की बड़ी माला, प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। कार्यक्रम को केंद्रीय नागरिक सह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री श्री जयंत सिन्हा, केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री रामकृपाल यादव ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर दरभंगा जिले के प्रभारी मंत्री सह भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री मदन सहनी, सांसद श्री कीर्ति आजाद, राज्य योजना पर्षद के सदस्य श्री संजय झा सहित अन्य विधायकगण, विधान पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, दरभंगा एयरफोर्स एयरबेस के प्रमुख वाइस एयर मार्शल श्री राजेश इस्सर, अपर मुख्य सचिव श्री आर0के0 महाजन, आयुक्त श्री मयंक बरबरे, आई0जी0 श्री पंकज दराद, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्रीमती गरिमा मल्लिक सहित इंडियन एयरफोर्स के अन्य अधिकारीगण, राज्य सरकार के अन्य पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******